SUBJECT: GEOGRAPHY

CLASS: B.A. Part Ist (Hons.), PAPER: 2nd, UNIT: IInd
TOPIC: ASIA – PETROLEUM (continue.....)
BY:– Dr. Sanjay Kumar, Assistant Professor, Dept. of Geo.,
D. B. College, Jaynagar, Madhubani, L.N.M.U., Darbhanga
LECTURE NO. 30 (Email:- sanjaykumar.phd@gmail.com)

(Asia-Petroleum) Continue........

⇒ दक्षिणी पूर्वी एशिया के तेल क्षेत्र

दक्षिणी-पूर्वी एशिया के देशों में तेल के उत्पादन की बहुत कमी है। इसका कारण यहाँ के तेल भण्डारों में सुरक्षित तेल की मात्रा कम होना है। दक्षिणी-पूर्वी एशिया में हिन्देशिया सबसे अधिक तेल का उत्पादन करता है। इस क्षेत्र के प्रमुख देशों के तेल क्षेत्र अग्र है।—

① **हिन्देशिया** — हिन्देशिया दक्षिणी-पूर्वी एशिया का सबसे बड़ा तेल उत्पादक राष्ट्र है। यहाँ तेल के प्रमुख क्षेत्र सुमात्रा जावा तथा बोर्नियो में हैं। सुमात्रा से पैलमबाग, मेदन व जाम्बी; बोर्नियो में बालिक, पापन व तराकन तथा जावा में रेमबाग तथा सुरबाया प्रमुख तेल क्षेत्र हैं। सुमात्रा में मेदन तथा साबाग तेल शोधक केन्द्र हैं।

② **चीन** — चीन के दक्षिणी भाग में अनेक तेल के क्षेत्र पाये जाते हैं; जिनमें से कारामाई, तुन्शाजे, सीदाम. बेसिन, आदि प्रमुख हैं।

(Asia-Petroleum) Continue... (Page: 04)

Scanned with CamScanner

③ **बर्मा** –

बर्मा के प्रमुख तेल क्षेत्र येनांग, सिंगू, इण्डो, यनान्मा आदि है। रंगून तथा येनांगयांग तेल शोधन केन्द्र है।

④ **मलयेशिया** –

मलयेशिया के प्रमुख तेल क्षेत्र साबाह तथा साराबाम है। लुटांग तेल शोधन केन्द्र है।

⇒ **अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार** :–

खनिज तेल की अन्तर्राष्ट्रीय माँग अधिक है। दक्षिणी-पश्चिमी एशिया के देश ईरान, इराक, सऊदी अरब, कतार तथा कुवैत प्रमुख निर्यात करने वाले देश हैं। भारत, पाकिस्तान तथा जापान प्रमुख आयात करने वाले देश है।

— x — x — x —

Scanned with CamScanner